## एक नजर

### बदहाली के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल, नपा का किया घेराव

**हरदा, 13 जनवरी 2026** शहर की बदहाल व्यवस्थाओं और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आज जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया। संत रविदास चौक से शुरू हुए विशाल पैदल मार्च के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय का घेराव किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस ने नगर पालिका प्रशासन के सामने इन मांगों को रखा। जिसमें जल-कर में वृध्दि की वापसी, नालियों के अंदर से गुजरी पाइपलाइनों को हटाना, शहर में पसरी गंदगी और कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की ठोस व्यवस्था, नगर पालिका की वर्तमान वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी किया जाए ताकि जनता को पता चले कि पैसा कहाँ खर्च हो रहा है, नपा कर्मचारियों को हर माह समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित करना, वर्षों से लंबित अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया तेज करना, गरीब तबके के लोगों को उनके निवास के पट्टे प्रदान करना,सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं के लिए उचित गौशाला या व्यवस्था करना जैसी मांगे मुख्य रही। साथ ही कांग्रेसजनों ने नगर पालिका की अध्यक्ष इस्तीफा दें के नारे लगाये। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।इस दौरान एसडीएम अशोक डहेरिया नगर पालिका पहुंचे।

जहां उन्होंने कांग्रेसियों की बात सुनी और उन्हें आश्वस्त किया। इस अवसर जिलाध्यक्ष मोहन सांई , श्रीमती रचना जैन प्रभारी जिला हरदा,हरदा विधायक डॉ.रामकिशोर दोगने, पूर्व नपाध्यक्ष हेमंत टाले ,ब्लॉक अध्यक्ष गोविन्द व्यास ,हरदा नपा नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी, योगेश चौहान,श्रीमती सुप्रिया पटेल पार्षद, पार्षद अहद खान,उमाशंकर विश्नोई, धर्मेन्द्र चौहान,पार्षद अक्षय उपरित, मुजाहिद अली सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरटीओ के रवैये से मोटर मालिक परेशान

## पहली बार अधिकारी की मनमानी से वाहन मालिकों को लग रही है पेनाल्टी, शाम 6 बजे के बाद होती है फिटनेस पर कार्यवाही



**पुनीत दुबे**

**नर्मदापुरम, नवभारत 13 जनवरी 2026,** ट्रक, बस, आटो, दो पहिया वाहन सभी वाहनों की फिटनेश के लिये आरटीओ कार्यालय में सुबह से जाकर फिटनेश कराने के लिये अपनी बारी का इंतजार करने वाले वाहन मालिक शाम 6 बजे तक खडे रहते हैं. वाहन मालिकों का कहना है कि जिले में पहली बार आरटीओ ऐसा आया है कि जिसने पूरे जिले के वाहन मालिकों को परेशान कर रखा है. न तो वह किसी से मिलता है और न ही समस्या का समाधान करने के लिये कोई पहल करता है. सूत्र बताते हैं कि मैडम अपने चेम्बर में बैठती है तब उनके उनके पर्सनल कर्मचारी पर आदेश रहता है कि कोई भी मिलने वाले व्यक्ति को अंदर न आने दिया जाए और न ही कोई पर्ची, स्लिप, वीजिटिंग कार्ड, मेरे पास लाने की जरूरत नहीं है. लगभग 6 माह पूर्व आकर ही नर्मदापुरम जिले के सभी वाहन मालिकों को परेशान किया जाना अपनी हठधर्मिता दिखाती हैं.

सूत्र ने बताया कि फिटनेश करने के लिये जो अतिरिक्त चार्ज बाबूओं के माध्यम से लिया जाता था, वह बंद नहीं हुआ है , वाहन मालिकों का कहना है कि चार्ज लेने में कोई कमी नहीं हो रही है पर काम तो करना ही चाहिए, जिससे हम लोगों की परेशानी कम हो सके. एक गाडी फिटनेश कराने के लिये हमें 80 किलोमीटर दूर से भी आना पडता है. और रिजेक्ट हो जाने के बाद वापस हमें जाना पडता है. वाहन मालिक अजय मिश्रा ने बताया कि हमें ड्रायवर का एक हजार रुपये, 100 रूपाये के हसाब से डीजल लगभग एक गाडी को फिटनेश के लिये आरटीओ कार्यालय पहुंचाने के लिये लगभग 5000 का खर्च प्र तिदिन का आता है साथ ही यदि उ स दिन हमारी गाडी फिटनेश पास नहीं होती तो दूसरे दिन हमें आने में फिर उतने ही पैसे का भुगतान करना होता है. आरटीओ किसी से मिलती भी नहीं है. नाम न छापने की शर्त पर एक वाहन मालिक ने बतायाकि इससे पूर्व भी महिला अधिकारी आरटीओ थी लेकिन वे सबसे मिलती थी. और सभी समस्याओं का समाधान भी करती थी.लेकिन

**नेताओं पर भारी अधिकारी –** वाहन मालिक अपनी शिकायत जनप्रतिनिधियों और अन्य पदाधिकारियों को बता चुके हैं लेकिन कोई भी नेता उस अधिकारी से बात करने में क्यों हिचक रहा है यह तो समझ से परे है . वाहन मालिकों का कहना है कि हमारी कोई सुनने को तैयार नहीं है हमने नेतागिरी के सभी द्वारों पर जाकर आरटीओ की मनमानी की जानकारी दी लेकिन हमारी कोई सुनने को तैयार नहीं है . 12 तारीख को परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह नर्मदापुरम आये थे तभी हमने उनके संबंध में बताया था . लेकिन वहां से भी हमें कोई संतोषजनक जबाव नहीं मिला . सूत्र बताते हैं कि अधिकारी यदि ईमानदार होते तो हमें परेशान नहीं करते . पर उनके मन में मोटा चार्ज लेने की नियति बन चुकी है . बताया जाता है कि वरिष्ठ अधिकारियों को भी उस चार्ज की राशि पहुंचानी होती है .

### कलेक्टर आम जन से मिलती है और उनकी समस्या का निदान करती है पर आरटीओ का मिलने से परहेज

जिले की कलेक्टर सोनिया मीना सहित अनेक महिलाएं प्रमुख पदों पर पदस्थ हैं और आम जन से मिलकर उनकी समस्या का निराकरण करती हैं, जिले में अनेक ऐसी महिला अधिकारी हैं जो महिला होने के बाद भी दिन भर आम जनों के बीच रहती है और शासन की सभी योजनाओं के संबंध में आम जन से रूबरू होती हैं लेकिन इन अधिकारी को आम जन से मिलने में क्या परहेज है, बताया जाता है कि यदि आप ईमानदार हैं तो आप सरकारी काम करने में बेईमानी क्यों कर रहे हैं . आम जन को परेशान करना बंद नहीं किया तो सभी मोटर मालिक मिलकर एक जन आंदोलन खडा करने की राह पर उतर सकते हैं .जिसकी जिम्मेदारी आरटीओ की होगी .



# चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक युवक घायल

युवक का उपचार जारी, चेहरा हुआ खराब, युवक का कान और चेहरे पर गहरे घाव ,25 टांके लगाने पड़े .

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 13 जनवरी** सिवनी मालवा में मकर संक्रांति के नजदीक आते ही प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का खतरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। मंगलवार शाम को एक दर्दनाक घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। अभी युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित 27 वर्षीय सोहेल मसीह अपनी दुकान जाने के लिए बाइक से निकला था। जैसे ही वह पुराने बस स्टैंड के पास पहुंचा, हवा में लहराता हुआ लगभग अदृश्य चाइनीज मांझा अचानक उसके गले में आ लिपटा। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, तेज धार वाले मांझे ने उसके कान और चेहरे को गहराई तक काट दिया। अचानक हुए दर्द और झटके से युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई। उसे तत्काल निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार जारी है। उपचार कर रहे डॉक्टर पूनम सिंह राजपूत ने बताया कि युवक को गंभीर अवस्था में लाया गया था। परिजनों के अनुसार चाइनीज मांझे से उसके कान और चेहरे पर गहरे घाव हुए हैं, जिनमें 25 टांके लगाए गए हैं। सोहेल मसीह के पिता शेलू मसीह ने बताया कि मेरा बेटा सोहेल घर जा रहा था तभी पुराने बस स्टैंड के पास मांजे से गाल ओर कान कट गया जिसमें 7 टांके आये है।

# जंगल में सिर्फ घूमे नहीं, बल्कि उसे समझें और जानें

**नवभारत न्यूज**

**सोहागपुर, 13 जनवरी** सोहागपुर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बागड़ा बफर रेंज अंतर्गत विनेका बीट में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में शासकीय पीएम श्री कामती स्कूल के 120 छात्र छात्राओं सहित शिक्षक शिक्षिकाओं शामिल हुए । कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को वन्य जीव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा । इस वर्ष अनुभूति कार्यक्रम हम हैं धरती के दूत थीम पर आयोजित किया गया ।बच्चों को बताया गया है कि धरती का दूत वह है जो जंगल को केवल घूमने की जगह नहीं बल्कि उसे समझे,जीए और उसकी रक्षा का संकल्प ले । शिविर के दौरान बच्चों को प्रकृति से भावनात्मक जुड़ाव, सतत जीवन शैली, जलवायु परिवर्तन तथा संरक्षण के व्यावहारिक उपाय की जानकारी दी गई । जंगल भ्रमण के दौरान बाघ के पग मार्क देखें जिससे उनमें खासा उत्साह नजर आया । कार्यक्रम में चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई ।साथ ही सांप सीढ़ी जैसे रोचक माध्यम से वन्य जीवों को सुरक्षित रखने के तरीके समझाए गए।

## गीतकार नाविक का अभिनंदन

**इटारसी।** साखी साहित्य परिषद् करेली द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में इटारसी के वरिष्ठ गीतकार रामकिशोर नाविक का अभिनंदन पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ।आमंत्रित कवियों में सर्वश्री सलीम अंसारी, अभय तिवारी, सुधीर पाण्डे, जय प्रकाश श्रीवास्तव जबलपुर, गणेश राय दमोह, शरद व्यास भोपाल, अमित बिल्लोरे, पद्मकांत सहारिया सोहागपुर, खलील करेलवी ने काव्यपाठ किया। सफल कुशल संचालन अमित बिल्लोरे का रहा।वरिष्ठ कवि नारायण श्रीवास्तव ने उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नगरपालिका परिसर में कांग्रेस ने फैलाया कचरा



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 13 जनवरी** नगर पालिका परिसर में कांग्रेस पार्टी के द्वारा नगर पालिका घेराव के दौरान कुछ लोगों द्वारा कचरा फेका गया था । जिसे नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेडिया ने बेहद निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना हरकतें किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। श्रीमती कमेडिया ने कहा कि जहां एक ओर सरकार पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान को लेकर गंभीर है और आम जनता को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं कांग्रेस इस तरह की हरकतों से व्यवस्था को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। इनकी करनी और कथनी में बहुत अंतर है घटना के बाद नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेडिया एवं भाजपा पार्षदों ने स्वयं परिसर से कचरा उठाया और संदेश दिया कि भाजपा केवल बातों में नहीं, बल्कि काम करके भी अपनी जिम्मेदारी निभाती है।

# जमीनी कार्यकर्ताओं को मिलेगा महत्व – पाण्डे



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 13 जनवरी** आज सुबह जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय भोपाल पहुंचे और उन्होंने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदरणीय जीतू पटवारी से मुलाकात की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने नर्मदापुरम जिले की वर्तमान राजनीतिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की एवं जानकारी दी। जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला अध्यक्ष के बीच में प्रमुख रूप से जिले में शेष रहे ब्लॉक अध्यक्ष, शहर में शेष रहे नगर अध्यक्ष की नियुक्ति, जिला कांग्रेस कार्यकारिणी, ग्राम पंचायत में कांग्रेस की पंचायत कमेटी का गठन, सेक्टर मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति , शहर में वार्ड कमेटी का गठन एवं अन्य राजनीतिक विषयों पर चर्चाएं हुई। वर्तमान में कांग्रेस पार्टी सक्रिय एवं जमीनी स्तर पर मजबूत कार्यकर्ताओं को काम करने का अवसर देगी। शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

## भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिवस पर फलदार पौधारोपण

**बनखेड़ी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के जन्मदिवस के अवसर पर बनखेड़ी में कॉलेज के पास फलदार पौधों का रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गोविंद पटेल, जिला कार्यसमिति सदस्य सोनू साहू, आशीष बादल, सत्यम सोनी, गजेन्द्र पटेल, दीपक पटेल, कंछेदी मेहरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया।

# त्रिसर्ग स्टार्टअप इवेंट में आयुष ने बनाया स्थान



**नवभारत न्यूज**

**पिपरिया, 13 जनवरी 2026** अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी तीन दिवसीय महाअधिवेशन में त्रिसर्ग स्टार्टअप इवेंट के अंतर्गत कॉन्क्लेव में आयुष अजय घुरका ने आर्डिशियन का प्रमुख बन पिपरिया नर्मदापुरम सहित मप्र का नाम रोशन किया। माहेश्वरी समाज का महाकुंभ जोधपुर में माहेश्वरी ग्लोबल एक्सपो के रूप में आयोजित हुआ जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यावरण मंत्री गजेन्द सिंह शेखावत, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,अभाविप माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष संदीप काबरा,सचिव अजय काबरा सहित समाज के दिग्गजो की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रमो के साथ त्रिसर्ग के कार्यक्रम में देश विदेश के 60 से ज्यादा रिनॉडड इन्वेस्टर्स, मेटोर्स व एडवाईजर्स जुड़े रहे। ज्यूरी पैनल में देश के शीर्ष निवेशक मधु केला,रमेश दम्मानी, आशीष कचौलिया, आनंदराठी सहित 40 इन्वेस्टर्स शामिल थे।

## चढ़ाया 36 फीट निशान

**सारनी।** पिछले 5 वर्षों से लगातार बाबा मठारदेव महाराज शिखर मंदिर पर निशान चढ़ाने का काम मेला समिति एवं खुदरा व्यापारिक संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाता है। खुदरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष दीपक सोनेकर ने बताया कि 12 जनवरी को बाजार चौक से डीजे एवं बैंड बाजे के साथ नगर की कुल देवता बाबा मठारदेव महाराज के शिखर मंदिर पर समर्पित किए जाने को लेकर निशान यात्रा निकाली गई. उन्होंने कहा कि तलहटी मंदिर पहुंचे वहां पर पूजा आराधना करने के बाद शिखर मंदिर पर जाकर 50 फीट के बास पर साढे 36 फीट का ध्वज लहराने का काम किया गया है।

# वैज्ञानिक मंगल पर जीवन तलाश रहे जबकि जीवन में मंगल के लिए सावधानी आवश्यक



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 13 जनवरी** देश के वैज्ञानिक मंगल पर जीवन तलाश रहे हैं, यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन हमारे जीवन में मंगल रहे, इसलिए हमें यातायात के नियमों का पालन करना और सावधानी रखनी चाहिए।

यह बात मंगलवार को ही यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा ने समेरिटंस विद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हम छोटी छोटी सावधानी रखकर सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं और मौतों को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप वाहन चलाएं तो सावधानी रखें, यातायात की नियमों का पालन करें। साथ ही अपने परिजनों को भी सावधानी रखने के लिए कहें। उन्होंने कहा कि हम जागरूक होकर सड़क हादसों को टाल सकते हैं। इस अवसर पर यातायात टीआई सुनीता पटेल ने बच्चों से चर्चा करते हुए कहा कि आपको यातायात के नियमों की जानकारों होनी चाहिए। साथ ही आपको नशे से भी दूर रहना चाहिए। नशा जीवन ही नहीं पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। अधिकांश सड़क हादसे नाशी के कारण होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा यह भी दायित्व है कि यदि सड़क पर कोई दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति मिलता है तो उसकी सहायता करनी चाहिए। इसके लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहन योजना भी चलाई जा रही है। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रेरणा रावत, उप प्राचार्य आरके रघुवंशी भी उपस्थित रहे।

## हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी में नर्मदापुरम का सामना शहडोल से

**नर्मदापुरम** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-18 बालक वर्ग हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी के दूसरे दौर के मुकाबले में नर्मदापुरम संभाग का सामना शहडोल संभाग से नर्मदापुरम के एमपीसीए ग्राउंड पर शुरू हुआ ।नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव श्री प्रदीप तोमर ने बताया कि जिसमें शहडोल संभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन के खेल में 6 विकेट खोकर 299 रन बना लिए है। नर्मदापुरम टीम ने सटीक गेंदबाजी करते हुए शहडोल के शुरुआती 6 विकेट हासिल कर लिए थे लेकिन 7वे विकेट के लिए शहडोल के बल्लेबाज शिशिर पांडे और आसमान नायर के मध्य 128 रनों की नाबाद साझेदारी कर मैच में वापसी कर ली है जिसमें शिशिर पांडे 130 रन नाबाद और आसमान नायर 67 रनों पर नाबाद क्रीज पर हैं नर्मदापुरम के गेंदबाज प्रिंस पटेल ने 3 विकेट एवं पीयूष कुशवाहा,अथर्व चौहान और तनिष्क सोलंकी को 1-1 हासिल किए।

## हरदा में कमल खेल महोत्सव का हुआ समापन

**हरदा** नेहरू स्टेडियम में सोमवार रात कमल खेल महोत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, पूर्व मंत्री कमल पटेल सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे। समापन समारोह के दौरान विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समापन कार्यक्रम में भजन गायक हेमंत बृजवासी एवं साथी अखिलेश तिवारी द्वारा एक भजन संध्या की गई । जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके और पूर्व मंत्री कमल पटेल कृष्ण गीतों पर झूमते नजर आए। यह महोत्सव स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर संपन्न हुआ। कमल सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में यह खेल महोत्सव 25 दिसंबर से 12 जनवरी तक आयोजित किया गया था।

# हर व्यक्ति करे पर्यावरण संरक्षण दो दिवसीय कार्यशाला समापन



**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी, 13 जनवरी** शासकीय महाविघालय बनखेड़ी में इको क्लब के अन्तर्गरत पर्यावरणीय प्रदर्शनी, दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान कृषि अनुसंधान केंद्र गोविंद नगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. संजीव गर्ग ने पर्यावरण संरक्षणकी महती आवश्यता बताई। कार्यशाला समापन समारोह के दौरान पुरस्कार वितरण भी किए गये। ईको क्लब प्रभारी डा. सुहाना गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार दिलावरे की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नवनीत नागपाल, विशिष्ट अतिथि , वन अधिकारी सुमित पाण्डे जी, मुख्यवक्ता डॉ. संजीव गर्ग, विषय विशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा पांडे, विशेष अतिथि नपा परिषद अध्यक्ष हरीश मालानी , रेशम केंद्र प्रमुख श्याम कुमार यादव मौजूद रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नागपाल ने पर्यावरण संरक्षण व विकसित भारत के निर्माण के मध्य संतुलन बनाये रखने की बात कही। डॉ. आकांक्षा पांडे ने जैविक कृषि व जैविक खाद निर्माण के विषय मे विस्तारित जानकारी दी। डॉ. संजीव गर्ग जी ने पर्यावरण पर वैज्ञानिक विचार प्रेषित कर पर्यावरण संरक्षण में विद्यार्थियों को योगदान देने की अपील की। नपा अध्यक्ष मालानी ने पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता रखने की बात कही।

गणतंत्र दिवस की बैठक

## अनुपस्थित प्राचार्यों को जारी होंगे नोटिस

# बैठक में कम उपस्थिति पर अध्यक्ष हुए नाराज



**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 13 जनवरी** सिवनी मालवा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह मनाने को लेकर बैठक नगर पालिका सभा हाल में आयोजित की गई। बैठक का समय शाम 4 बजे निर्धारित था, लेकिन यह लगभग आधा घंटे की देरी से 4:30 बजे प्रारंभ हुई। बैठक में अधिकांश निजी स्कूलों के प्राचार्य एवं उनके प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे, वहीं 15 में से मात्र 4 पार्षद ही उपस्थित हुए। बैठक में कम उपस्थिति पर नगर पालिका अध्यक्ष रीतेश जैन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित प्राचार्यों को नोटिस जारी करने की बात कही।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह उइके ने बताया कि 26 जनवरी को प्रात: 8.30 बजे गांधी चौक पर, 8.50 बजे शहीद गैलरी में, तथा 9.30 बजे सामूहिक कार्यक्रम स्थल पर ध्वजारोहण किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक गणतंत्र दिवस समारोह आईटीआई ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। अमर सिंह उइके ने बताया कि सभी विद्यालयों को अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सूची बीईओ एवं बीआरसी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। प्राथमिक व मिडिल स्कूलों को 8 मिनट, हाई स्कूल को 10 से 12 मिनट का समय सांस्कृतिक प्रस्तुति हेतु दिया जाएगा। सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चयन प्रक्रिया के तहत 22 जनवरी को प्रात: 10.30 बजे कन्या शाला में रिहर्सल आयोजित की जाएगी। चयनित प्रतिभागी ही सामूहिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगे। नगर पालिका अध्यक्ष रीतेश जैन रिंकू ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत निम्न विषयों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी